आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph 0141-2706550

क्रमॉकः– एफ–7(4)UGC/अकाद/आकाशि/2020/ 156 दिनांक :07जुलाई, 2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषयः–**वीडियो व्याख्यानों एव पीडीएफ नोट्स को चयनित कर अपलोड करने के सम्बन्ध में ।**

कोविड–19 जनित परिस्थितियों में प्रदेश में विगत दो सत्रों के दौरान ऑनलाईन शिक्षा एक महत्ती आवश्यकता के रूप में उभर कर आयी है । राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत सह/सहायक आचार्यों द्वारा पाठ्यक्रमानुसार विभिन्न विषयों के तैयार किये गये वीडियो व्याख्यान एवं पीडीएफ नोट्स विद्यार्थियों तक इसी माध्यम से पहुँचाये गये हैं । विभाग सतत् रूप से प्रयासरत् है कि समस्त शैक्षणिक सामग्री को व्यवस्थित रूप से संधारित कर, एक ही मंच पर उपलब्ध करवाया जाये ।

इसी कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय में विषय विशेषज्ञों की एक समिति का गठन करें । उक्त समिति अपने महाविद्यालय में कार्यरत सभी सह/सहायक आचार्यों द्वारा विगत सत्र में तैयार किये गये वीडियो व्याख्यान एवं पीडीएफ नोट्स की समीक्षा, निर्धारित चेक लिस्ट **(संलग्न–1)** के अनुसार करे । समीक्षा पश्चात् चयनित वीडियो व्याख्यान एवं पीडीएफ नोट्स को विषयवार राजीव गांधी ई–कन्टेंट बैंक की Google Drive में MBL नाम से एक फोल्डर बनाकर दिये गये Format **(संलग्न–2)** के अनुसार, इसे Google Excel Sheet में बनायें । इस फोल्डर को सभी के लिये Accessible रखा जाये । चयनित अपडेटेड डेटा **दिनांक 25 जुलाई 2021 तक** अपलोड करना सुनिश्चित करें।

सह/सहायक आचार्यो द्वारा बनाये जा रहे वीडियो व्याख्यान एवं पीडीएफ नोट्स को एक APP पर अपलोड किया जायेगा, जिससे कि वे विद्यार्थियों को सुलभता से उपलब्ध हो सकें। इस APP की जानकारी आपको शीघ्र ही उपलब्ध करवा दी जायेगी । साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये, कि सत्र् 2021–22 में राज्य सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 10 जुलाई 2021 से प्रारम्भ होने वाली द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की ऑन लाईन कक्षाएं एवं आगामी समय में अन्य कक्षाओं की ऑनलाईन क्लासेज चेक लिस्ट में दिये गये निर्धारित मापदण्डों के अनुसार ही तैयार किये जाये ।

संलग्नः– उपर्युक्तानुसार ।
(संलग्न–1, 2 व 3–Manual)

05/07/2021.

(संदेश नायक IAS)
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, जयपुर।

क्रमॉकः– एफ–7(4)UGC/अकाद/आकाशि/2020/156 दिनांक 07जुलाई, 2021

प्रतिलिपि–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

(डॉ0 सौमित्र नाथ झा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

संलग्न–1 (01)

वीडियो व्याख्यान/पीडीएफ नोट्स की गुणवत्ता की

चेक लिस्ट

1 प्रत्येक व्याख्यान का पीडीएफ वर्जन अवश्य उपलब्ध करवायें, जिसके अभाव में उनका व्याख्यान अपलोड नहीं हो पायेगा ।

2. सह/सहायक आचार्य प्रत्येक ई–व्याख्यान में स्वयं का परिचय अवश्य दें ।

3 विद्यार्थियों को जानकारी दें, कि अगले ई–व्याख्यान व पीडीएफ में किस विषय पर चर्चा की जायेगी ।

4 विषय से सम्बन्धित नवीनतम् जानकारी का समावेश करते हुये व्याख्यान तैयार किये जायें ।

5 वीडियो एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये ।

संलग्नः–2 (02)

Format

Name of Faculty	Subject	Topic	E-Lecture You Tube Link		PDF Link	
			UG	PG	UG	PG
1	2	3	4	5	6	7

Rajiv Gandhi E content Google Drive

1. Open Rajiv Gandhi E content Google Drive



2. Create **MBL** name folder in Rajiv Gandhi E content Bank Google drive



3. Open MBL folder





4. Open the **MBL** folder and add **google excel sheet**



5. Create format and update the data



Prepared by
IT CELL
College Education Rajasthan, Jaipur